**अनदेखी** | ग्राम पंचायत रामगढ़ का मामला, स्वच्छ भारत मिशन जिम्मेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ा

# ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहे हैं अधूरे बने शौचालय




**अमरपुर नवभारत 1 जनवरी।** जिले के अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ में जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा आज भी पंचायत के पात्र हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है। यहां ग्राम पंचायत रामगढ़ के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बनवाए गए शौचालय समय पर पूर्ण तैयार नहीं कराए गए, जो आज भी ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।

शासकीय दस्तावेजों में इन हितग्राहियों को लाभान्वित घोषित किया जा चुका है, जबकि आज भी वनवासी टोला के वाशिन्दे शासकीय योजना स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बनने वाले शौचालय से लाभान्वित होने के बाबजूद शौचालय का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसका मुख्य कारण ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा बरती गई लापरवाही है। अगर स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर समय-समय पर शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण करते तो आज हितग्राही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बने शौचालय का लाभ प्राप्त कर सरकार की मंशा के साथ कदम से कदम मिलाते हुए नजर आते।

### अपूर्ण शौचालय से कैसे हो स्वच्छ भारत

ग्राम पंचायत रामगढ़ में कराए गए शौचालय निर्माण कार्यों को जिम्मेदारों के द्वारा पूर्ण नहीं कराया गया, जिसके चलते आज भी ग्रामीण महिला पुरुष प्रसाधन के लिए खेत, खलियान व मैदान में जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को हर दिन शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है, तो वही महिलाओं, युवतियों के लिए परेशानी और विराट हो जाती है, लेकिन जिम्मेदारों को ग्रामीणों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है।

### ग्रामीणों ने बयां किया दर्द

ग्राम पंचायत रामगढ़ बनवासी टोला के ग्रामीणों के द्वारा बतलाया गया कि घर में शौचालय बने होने के बावजूद हमें निस्तार के लिए बाहर जाना पड़ता है, जिससे हमें अनेक समस्याएं होती हैं। इसका सामना हमें हर दिन करना पड़ता है, खासकर महिलाओं और बच्चियों के लिए खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जिससे उन्हें असुरक्षित महसूस होता है और उनके साथ दुर्व्यवहार होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसके अलावा खुले में शौच करने से अनेक बीमारियां फैलती हैं।

### शौचालय को बनाया पानी टंकी

ग्राम पंचायत रामगढ़ के बनवासी टोला में धनेश बनवासी द्वारा आधे अधूरे शौचालय निर्माण कार्य से एक कदम आगे बढ़ते हुए शौचालय को पानी की टंकी का स्वरूप दे दिया। धनेश द्वारा बताया गया कि मेरा और मेरे भाई का शौचालय बना था। मेरे घर के आंगन में आधा शौचालय बिना गड्ढा खोदे खड़ा कर दिया गया। मेरे भाई का शौचालय छात्रावास की जमीन पर बना दिया गया, जो कन्या छात्रावास की बाउंड्री बनने के बाद उसके अंदर हो गया। आज भी पहले की तरह हम निस्तार के लिए जंगल, खेत और मैदान में ही जाते हैं। शर्म आती है लेकिन क्या करें।

**इनका कहना है**

जब शौचालय बना था तब उन लोगों ने गड्ढा नहीं खोदा। कार्य करने वालों से कहा कि गड्ढा खोद दो तो बोले बाद में आकर खोद देंगे। कई साल हो गए कोई नहीं आया और अधिकारी भी जानकारी लेने नहीं आए।

**हल्कू बनवासी, ग्राम पंचायत रामगढ़**

जब से देख रहा हूं टूटा हुआ शौचालय ही देख रहा हूं। जब काम हुआ था तभी से आधा है। एक दिन भी हम इसमें शौच के लिए नहीं गए। मेरे पिता के नाम से शौचालय स्वीकृत हुआ था। जो आज तक उसी हालत में है।

**विकास, ग्रामीण ग्राम पंचायत रामगढ़**



# 2 दुकानों का चालान, 25 को दी गई समझाइश

▶ शहीद स्मारक क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**शहपुरा नवभारत 1 जनवरी।** नगर परिषद द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहीद स्मारक के चारों ओर फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में अतिक्रमण दल, वार्ड प्रभारी, नगर परिषद का अमला तथा पुलिस विभाग का बल मौके पर मौजूद रहा।

अभियान के दौरान शहीद स्मारक के आसपास किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को चिन्हित कर उन्हें हटाया गया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दो दुकानों पर चालानी कार्रवाई की गई, जबकि 25 दुकानदारों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त समझाइश दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### संवेदनशील स्थानों की गरिमा बनाए रखना प्राथमिकता

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि शहीद स्मारक जैसे सार्वजनिक व संवेदनशील स्थानों की गरिमा बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में परेशानी होती है, जिसे देखते हुए यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कार्रवाई अब प्रतिदिन की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। नगर परिषद ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया है।

# जनकल्याण शिविरों की तैयारी के सभी विभागों को दिए निर्देश

▶ विधायक और एसडीएम ने ली संयुक्त समीक्षा बैठक



**शहपुरा नवभारत 1 जनवरी।** जनपद पंचायत कार्यालय शहपुरा में विकास कार्यों की गति बढ़ाने और शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने संयुक्त रूप से सभी विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की।

बैठक के दौरान विधायक धुर्वे ने जनपद पंचायत सहित अन्य सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सुगमता से पहुंच सके।

### हितग्राहियों की सूची अपडेट करें

आगामी जन कल्याण शिविरों की तैयारी बैठक का मुख्य केंद्र रही। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए विधायक ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है, इसलिए सभी विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें और ग्रामीणों को शिविरों के बारे में जागरूक करें। बैठक में सभी विभागीय प्रमुखों को शिविरों के दौरान सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और हितग्राहियों की सूची अपडेट रखने के लिए कहा गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अवैध अतिक्रमणों पर भारी नगर निगम का बुल्डोजर

**नवभारत, जबलपुर।** शहर की सड़कों पर बढ़ते दबाव और अवैध कब्जों के कारण बाधित हो रहे यातायात को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्यवाही की है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण अमले ने शहर के आधा दर्जन से अधिक क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत गोहलपुर क्षेत्र से हुई, जहाँ नाले के ऊपर किए गए अवैध निर्माण को जमींदोज किया गया। नालों पर अतिक्रमण के कारण जल निकासी बाधित होती है, जिससे बारिश के समय जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। दीनदयाल चौक पर लेफ्ट टर्न पर लगे अवैध टपरों को हटाया ताकि मोड़ पर वाहनों की आवाजाही बिना किसी बाधा के हो सके, व्यवहारबाग से रद्दी चौकी तक के व्यस्त मार्ग पर सड़क के दोनों ओर फैले सामान को हटाकर रास्ता साफ कराया गया।




# मां ज्वाला का प्राकट्य उत्सव मनाया गया



**नौरोजाबाद नवभारत 1 जनवरी।** जिले के नौरोजाबाद स्टेशन से महज चार किलोमीटर दूर स्थित मां ज्वाला धाम शक्ति पीठ उचेहरा धाम मे माता रानी का प्राकट्य उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत बीते दिन अखंड रामायण से हुई जिसका एक जनवरी को नूतन वर्ष के उपलक्ष्य पर समापन हुआ। विदित हों कि प्रति वर्ष की भाति इस वर्ष भी माता रानी के प्राकट्य उत्सव को मनाने के लिए छप्पन भोग का प्रसाद मां ज्वाला को अर्पित किया गया। नूतन वर्ष एवं मां ज्वाला के प्राकट्य उत्सव के शुभ अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने मां ज्वाला धाम शक्तिपीठू उचेहरा पहुंचकर मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पुष्पलता का मप्र वालीबॉल टीम में चयन

▶ आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में लेगी भाग



**शहपुरा नवभारत 1 जनवरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन में एवं सहायक आयुक्त जनजाती कार्य राजेंद्र कुमार जाटव के मार्गदर्शन में विभागीय शालेय खेल कैलेंडर 2025-26 के अनुसार वालीबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग में पुष्पलता पट्टा कन्या मा शाला शहपुरा ने विद्यालय, विकास खंड, जिला, संभाग, विभागीय राज्य, शालेय राज्य स्तरीय छह स्तर की स्पर्धाओ में भाग लिया। खेल कौशल की कुशल दक्षता से सभी स्तरों में चयनित होते हुए उनका राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन किया है।

जिला क्रीड़ा प्रभारी जनजातीय कार्य विभाग पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने जानकारी बताया कि चयनित छात्राए प्री. नेशनल कोचिंग कैंप 29 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक मुरैना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है एवं राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता कडप्पा आन्ध्र प्रदेश में में 5 से 9 जनवरी तक वालीबॉल कोच अनिल लोधी के मार्गदर्शन में भाग लेंगी। इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य राजेंद्र कुमार जाटव, जिला क्रीड़ा प्रभारी पुरुषोत्तम सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके राय, प्राचार्य यशवंत साहू, डॉ. डीके श्रीवास्तव, संदीप सोनी, खेल प्रशिक्षक रमा साहू, अनिल लोधी, जागेश्वर नंदा, नवीन खरगाल, दिलीप सोनवानी,शेरमेर खालको, परवेज खान, अमर साहू, विद्यालय स्टाफ एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई प्रेषित की है।

## बिना स्टाम्प ड्यूटी चुकाये कराया नामांतरण, संपत्ति बेची

**जबलपुर।** षड़यंत्र रचकर बिना स्टाम्प ड्यूटी चुकाये रजिस्ट्री की फोटो काफी के आधार पर गबड़झाला कर नामांतरण कराने के साथ संपत्ति बेच दी गई। जमीन विक्रेता को एक करोड़ का चूना लगाया गया। मामले में जबलपुर ईओडब्ल्यू ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। ईओडब्ल्यू जबलपुर को शिकायत मिली कि मोहम्मद आसिफ पिता अब्दुल खालिक मन्सूरी, निवासी न्यू कंचनपुर एवं रूपेश विश्वकर्मा पिता तुलसीराम विश्वकर्मा, निवासी फूटाताल स्कूल ने 8 लाख रुपये कम स्टाम्प डयूटी चुकाई थी, जिससे राजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री होल्ड की थी आरोपियों ने बिना स्टाम्प डयूटी चुकाये रजिस्ट्री की फोटो कापी के आधार पर नामांतरण करवा लिया व इस संपत्ति को आगे बेच दिया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

▶ कन्हैया संगम घाट में भाजपा की मंडलीय बैठक आयोजित



**शहपुरा नवभारत 1 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा शहपुरा के चार मंडलों की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक गुरुवार को कन्हैया संगम घाट, मालपुर में संपन्न हुई। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यों की रणनीति तैयार की गई।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के 10 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में मुख्य रूप से शहपुरा विधानसभा के चार मंडलों के कामकाज की समीक्षा की गई। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने शक्ति केंद्र प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। बैठक के दौरान संगठनात्मक रिपोर्टिंग के कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई और बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक सक्रिय बनाने के निर्देश दिए गए।

### कांग्रेस को लगा झटका

क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के नेतृत्व और शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती व महामंत्री नितिन गुप्ता की अगुवाई में मालपुर के 10 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया। नए सदस्यों ने कहा कि वे भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। विधायक धुर्वे ने सभी का केसरिया गमछा पहनाकर स्वागत किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति प्रकाश धुर्वे, शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, मेहदवानी मंडल अध्यक्ष सुदामा बर्मन, मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हिरेंद्र मरावी और जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, सुशील राय, अरुण अग्रवाल तुलसीदास गुप्ता, बाबा ठाकुर, राजेश साहू, अनूप गुप्ता, राम गुप्ता, घनश्याम कछवाहा, मनोज सोनी, उमेश रजक, सुनील मरावी, लंबू तेकाम, पवन झरिया, राजेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र झरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यवाही** | धान उपार्जन में सख्ती के चलते हुई कई जगहों पर कार्यवाही

# धान उपार्जन में गड़बड़ी, केंद्र प्रभारी निलंबित



**नवभारत, जबलपुर।** धान उपार्जन कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार लगातार की जा रही जांच और निगरानी के दौरान धान उपार्जन में गड़बड़ियां सामने आने पर जिला आपूर्ति नियंत्रक द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई है। जिसके चलते पाटन तहसील के सकरा सेवा सहकारी समिति अंतर्गत संचालित उपार्जन केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर केंद्र प्रभारी अखिलेश यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं कुंडम तहसील के बाथवा वेयरहाउस टिकरिया में सेवा सहकारी समिति गौरी द्वारा संचालित उपार्जन केंद्र की जांच में खामियां मिलने पर समिति प्रबंधक संतोष पाण्डेय, उपार्जन केंद्र प्रभारी धनीराम साहू एवं गोदाम संचालक अशोक बाधवा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### मझौली और पनागर में कारण बताओ नोटिस

कार्यवाही के दौरान मझौली तहसील में सेवा सहकारी समिति सहजपुरा द्वारा श्री हनुमतें वेयरहाउस चन्नौटा में संचालित खरीदी केंद्र की जांच के दौरान भी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। इस पर उपार्जन केंद्र प्रभारी रवि श्रीवास्तव और कंप्यूटर ऑपरेटर विकास खरे को कारण बताओ नोटिस थमाया गया है। इसी तरह पनागर तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति सिंगोद द्वारा रामकेश बाबा वेयरहाउस में संचालित उपार्जन केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर प्रभारी शिवम कुमार वर्मन और कंप्यूटर ऑपरेटर अविनाश पटेल को भी नोटिस जारी किया गया है।

### मंडी में बेची धान, 64 किसानों को खरीदी पर रोक

धान उपार्जन में सख्ती के तहत उन किसानों पर भी कार्रवाई की गई है, जिन्होंने पहले ही कृषि उपज मंडियों में अपनी धान की उपज बेच दी थी। ऐसे 64 किसानों से उपार्जन केंद्रों पर धान खरीदी पर रोक लगा दी गई है। ये किसान जबलपुर, पाटन और सिहोरा कृषि उपज मंडियों में नवंबर और दिसंबर माह के दौरान धान का विक्रय कर चुके हैं। मंडी समिति से प्राप्त जानकारी और ई-उपार्जन पोर्टल के डेटा विश्लेषण में सामने आया कि इन किसानों ने 100 क्विंटल या उससे अधिक, कुल 11 हजार 840 क्विंटल 74 किलो धान मंडियों में बेचा है, जबकि समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए भी पंजीयन कराया गया था। फिलहाल मंडी में बेची गई धान की मात्रा और किसानों के पास उपलब्ध धान के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। सत्यापन पूरा होने तक इनके स्लॉट बुकिंग पर भी रोक लगाने का अनुरोध राज्य शासन से किया गया है।

### जिले में 1.06 लाख क्विंटल से ज्यादा अवैध धान हुई जप्त

धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा की जा रही सख्त कार्रवाई के दौरान जिले भर में 1 लाख 6 हजार क्विंटल से अधिक धान अवैध भंडारण और उपार्जन केंद्रों पर विक्रय से रोकते हुए जप्त एवं सील की गई है इस कार्रवाई में पाटन तहसील से 2,870 क्विंटल, जबलपुर तहसील से 300 बोरी, पनागर तहसील से 2,400 क्विंटल, मझौली तहसील से 9,254 बोरी और सिहोरा तहसील से 1,298 क्विंटल धान जप्त की गई। इसके अलावा कृषि उपज मंडी समिति पाटन द्वारा 12 अनुज्ञप्तिधारी फर्मों की 65,988 क्विंटल, मंडी समिति जबलपुर द्वारा 12 फर्मों की 25,314 क्विंटल और उप मंडी समिति शहपुरा द्वारा 2 फर्मों की 125 क्विंटल धान को उपार्जन केंद्रों पर विक्रय से रोकने के लिए संबंधित गोदामों को सील किया गया है।


**ग्राम पंचायत भानपुर जनपद पंचायत बजाग**

**निविदा आमंत्रण**

**जारी निविदा दिनांक : 01-01-2026**

**विषयान्तर्गत ग्राम पंचायत भानपुर में जल संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश गारंटी योजनांतर्गत होने वाले कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है जो निम्नानुसार हैं -**

1. कार्य का नाम तालाब निर्माण कार्य
2. घुटई में जेसीबी पिचिंग पत्थर परिवहन एंव
3. रेत, गिट्टी, सीमेंट,सप्लाई हेतु इच्छुक सप्लायर।

सरपंच
गंगा बाई
ग्राम पंचायत भानपुर

सचिव
महेंद्र बघेल
ग्राम पंचायत भानपुर

**ग्राम पंचायत भानपुर जनपद पंचायत बजाग**

**निविदा आमंत्रण**

**जारी निविदा दिनांक : 01-01-2026**

**विषयान्तर्गत ग्राम पंचायत भानपुर में जल संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश गारंटी योजनांतर्गत होने वाले कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है जो निम्नानुसार हैं -**

1. कार्य का नाम तालाब निर्माण कार्य
2. बिजौरा में जेसीबी पिचिंग पत्थर परिवहन एंव
3. रेत, गिट्टी, सीमेंट,सप्लाई हेतु इच्छुक सप्लायर।

सरपंच
गंगा बाई
ग्राम पंचायत भानपुर

सचिव
महेंद्र बघेल
ग्राम पंचायत भानपुर